## कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा पारित आदेश दिनांकित 28.04.2025 के अनुक्रम में जनपद न्यायालय हमीरपुर के आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में लगे हुए सूखे पेड़ो की कटाई कराकर नीलामी वन विभाग द्वारा निर्धारित मूल्यांकन **कुल मु0 8018/- (मु0 आठ हजार अट्ठारह रूपये मात्र)** कराये जाने के लिये दिनांक 15.05.2025 को सायं 2.00 बजे नियत की गयी थी, परन्तु उक्त नीलामी में नियत तिथि को किसी भी बोलीदाता के उपस्थित न आने के कारण नीलामी नहीं हो सकी। माननीय महोदय के अनुमति आदेश से पुनः न्यूनतम निर्धारित मूल्य पर नीलामी की तिथि 26.05.2025 नियत की गयी है। उक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति दिनांक 26.05.2025 को समय 11.00 बजे तक अपने-अपने प्रार्थनापत्र केन्द्रीय नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय हमीरपुर में आधार कार्ड, पेन कार्ड व जमानत धनराशि मु0 1000/- (एक हजार रू0 मात्र) सहित प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त नीलामी निम्नलिखित शर्तों के अधीन सम्पादित की जायेगी।

1. नीलामी आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक बोलीदाता को निर्धारित जमानत धनराशि के रुप में मु० 1000/- रुपये (मु०एक हजार रुपये मात्र) नगद दिनांक 26.05.2025 को समय 11.00 बजे तक केन्द्रीय नजारत में जमा करने होंगे।
2. जिस व्यक्ति की नीलामी धनराशि सबसे अधिक बोली होगी वह स्वीकार की जायेगी। तथा टैक्स इत्यादि की जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी।
3. नीलामी स्वीकृत होने पर बोलीदाता की जमानत धनराशि को नीलामी की धनराशि में समायोजित किया जायेगा। नीलामी की शेष धनराशि अविलम्ब जमा करनी होगी।
4. नीलामी स्वीकृत होने पर बोलीदाता को सुरक्षा के साथ उक्त सूखे हुए पेड़ों की कटाई कराकर उक्त स्थान की उचित साफ-सफाई करवाकर एक सप्ताह के अन्दर लकड़ी कूड़ा इत्यादि हटाना होगा ।
5. किसी भी बोली को बिना किसी कारण के अस्वीकृत करने का क्षेत्राधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय हमीरपुर के पास सुरक्षित रहेगा।

सूखे पेड़ों से सम्बन्धित नीलामी प्रक्रिया की अन्य/ विस्तृत जानकारी केन्द्रीय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय हमीरपुर से कार्यालय समय पर की जा सकती है।

अध्यक्ष,<br>
नीलामी समिति<br>
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्रीमान् ओ०एस०डी०(कम्यूटर)मा०उच्च न्यायालय,इलाहाबाद को मा०उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर नीलामी सूचना को प्रदर्शित किये जाने के अनुरोध सहित प्रेषित।
2. जनपद न्यायालय,हमीरपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. कार्यालय नगर पालिका, हमीरपुर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. जनपद न्यायालय,कानपुर नगर को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
6. जनपद न्यायालय,बांदा को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
7. जनपद न्यायालय,महोबा को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय,जालौन स्थान उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
9. जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
10. सिस्टम ऑफीसर, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को मा०उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, हमीरपुर की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने हेतु।

अध्यक्ष,<br>
नीलामी समिति<br>
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।